an>

Title: Need to establish a hub of National Security Guard (NSG) in Gujarat.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : उपाध्यक्ष जी, आज आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। आज से छह वर्ष पहले मुम्बई में आतंकी हमला हुआ था। आज इसकी छठी बरसी है। गुजरात में एक रीज़नल हब फार सिक्योरिटी गार्ड की स्थापना के विषय पर बोलने की आपने अनुमति दी है। छह वर्ष पहले जब मुम्बई में हमला हुआ था, तब कई दिनों तक आतंकी हमला चला था। पूरे देश ने ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ने उस हमले को देखा है। इस हमले में जिस तरह से नेशनल सिक्योरिटी गाड्र्स को पहुंचाने में जिस तरह से अक्षम्य विलम्ब हुआ था, उसे पूरा देश जानता है। इसी कारण पिछली सरकार ने अलग-अलग जगहों पर नेशनल सिक्योरिटी गाड्र्स का हब बनाने का फैसला लिया था।

जहां तक गुजरात की बात है, गुजरात संवेदनशील राज्य है क्योंकि, गुजरात के साथ पाकिस्तान से जुड़ी हुई 512 किलोमीटर की सरहद है। गुजरात के पास लगभग 1500 किलोमीटर का समुद्री तट है। ये दोनों जगहों से कहीं पर भी हमला हो सकता है। हमारी गुजरात सरकार ने केंद्र सरकार से अपील की है कि गुजरात में सिक्योरिटी गार्ड का एक हब बनाया जाए। गुजरात सरकार ने उसके लिए योग्य जमीन के आवंटन के लिए भी तत्परता दिखाई है। मैं अहमदाबाद से संसदीय प्रतिनिधित्व करता हूं। अहमदाबाद क्षेत्र में सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि गुजरात के अहमदाबाद में नेशनल सिक्योरिटी गाड्र्स का हब बनाया जाए।